FA | 1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 8 **विषय :** सामाजिक विज्ञान

Paper Code : 8081 **पूर्णांक :** 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

(अंक 05)

LO – SST-807 - सभी क्षेत्रों में विकास को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों जैसे–जल, मृदा, वन इत्यादि का विवेकपूर्ण उपयोग के सबंध को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हैं।

गतिविधि 1– कक्षा सर्वेक्षण– ऊर्जा संरक्षण जागरूकता

निर्देश – कक्षा के बच्चों को सुविधानुसार समूह में विभाजित करें।

- प्रत्येक समूह से एक–एक लीडर का चुनाव करें।
- लीडर अपने समूह के सभी बच्चों से सारणी में दी गई जानकारी भरेगा।

क्र.	बच्चों के नाम	घर में पेट्रोल/डीजल से चलने वाली गाड़ियों की संख्या	घर में बिना पेट्रोल/डीजल से चलने वाली गाड़ियों की संख्या
1			
2			
3			
कुल			

दी गई सारणी को श्यामपट पर बनाए। इस सारणी में अब प्रत्येक समूह का लीडर अपनी सारणी के कुल आँकड़ों को लिखेगा।

समूह क्रमांक	पेट्रोल/डीजल से चलने वाली गाड़ियों की संख्या	बिना पेट्रोल/डीजल से चलने वाली गाड़ियों की संख्या
1		
2		

3		
4		
कुल		

प्रत्येक समूह श्यामपट में दी गई सारणी के आँकड़ों के आधार पर अपने निष्कर्ष लिखेगा।

	सकारात्मक पक्ष	नकारात्मक पक्ष
पेट्रोल /डीजल से चलने वाली गाड़ियाँ		
बिना पेट्रोल/डीजल से चलने वाली गाड़ियाँ		

गतिविधि 2 – विलुप्त होते पशु–पक्षी और उनका संरक्षण

अपने आसपास के क्षेत्र से विलुप्त होने वाले पशु–पक्षियों की सूची बनाएँ एवं उनके विलुप्त होने के कारणों को तालिका में भरें–

क्रमांक	लुप्त होने वाले पशु–पक्षियों के नाम	लुप्त होने के कारण

गतिविधि 3 – पर्यावरण संतुलन

''जंगल में शेरों की कमी होने के कारण शाकाहारी जानवरों की संख्या में वृद्धि हो रही है, इससे पर्यावरण संतुलन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?'' उदाहरण सहित प्रश्न की पुष्टि करें। अपने प्रदत्त कार्य को आकर्षक बनाने के लिए स्वरचित स्लोगन एवं आकर्षक रंगीन चित्रों का भी उपयोग करें।

खण्ड 'ब'

(अंक 05)

LO – SST-819 - जाति, महिला, विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह, सामाजिक सुधार से जुड़े मुद्दों और इन मुद्दों पर औपनिवेशिक प्रशासन के कानूनों और नीतियों का विश्लेषण करते हैं।

गतिविधि – 1 सामाजिक जागरूकता

बाल विवाह एक अपराध है, इसे रोकने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे। शिक्षक के सहयोग से अभिनय करें।

गतिविधि – 2 सामाजिक चेतना

आपके समाज/गाँव में कौन–कौन सी सामाजिक कुरीतियाँ हैं, इसके समाधान के लिए आप क्या करेंगे?

सामाजिक कुरीतियों के नाम	समाधान के उपाय

गतिविधि – 3 महिला प्रताड़ना

समाचार पत्रों से महिला प्रताड़ना संबंधी समाचार संकलित कर निम्नांकित बिंदुओं के आधार पर रिपोर्ट तैयार करें –

- महिलाएँ किस–किस प्रकार से प्रताड़ित होती हैं?
- महिला प्रताड़ना को रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

———000———